प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 14.10.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

पर्यटन मंत्रालय की ओर से उदयपुर में आज से राष्ट्रीय पर्यटन कॉन्फ्रेंस आयोजित की जा रही हैं दो दिन की इस कान्फ्रेंस की शुरूआत केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत तथा पर्यटन राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने कीं कान्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी सहित केंद्र शासित प्रदेशों के उप राज्यपाल तथा विभिन्न राज्यों के पर्यटन मंत्री भाग ले रहे हैं कान्फ्रेंस के दौरान अलग–अलग सत्रों में विभिन्न राज्यों की ओर से पर्यटन विकास को लेकर प्रस्तुतिकरण दिए जाएंगें पहले सत्र में राजस्थान के अलावा जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चण्डीगढ़, हरियाणा और उत्तराखण्ड का प्रस्तुतिकरण होगां दूसरे दिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के साथ परामर्श बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें देश को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन बाजारों में एक समग्र पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रस्तुत करने के लिए चर्चा होगीं

00000

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का 16 अक्टूबर को जयपुर दौरा प्रस्तावित हैं इस दौरान वे खातीपुरा रेल्वे स्टेशन से रेल यात्रियों के लिए एक नई सुविधा की शुरूआत करेंगें इसके तहत रेलगाडियों के एसी कोच में अब यात्रियों को मिलने वाला बेड रोल, लिनिन कवर में पैक करके दिया जायेगां श्री वैष्णव जयपुर–असारवा रेलगाडी से इस सुविधा की शुरूआत करेंगें इसके साथ ही वे उत्तर पश्चिम रेल्वे मुख्य कार्यालय में विभिन्न रेल परियोजनाओं की समीक्षा करेंगें रेलमंत्री प्रबुद्धजन सम्मेलन और आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत आयोजित एक कार्यक्रम में भी भाग लेंगें

00000

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत में बनी तीन मिलावटी कफ सिरप की पहचान की हैं इनमें श्रीसन फार्मास्युटिकल्स की कोल्ड्रिफ भी शामिल हैं इसके अलावा रेडनेक्स फार्मास्युटिकल्स की रेस्पिफ्रेश टीआर और शेप फार्मा की रीलाइफ के विशिष्ट बैच भी सम्मिलित हैं संगठन ने इन सिरप के गंभीर और जानलेवा बीमारियों का कारण होने की आशंका जताई हैं साथ ही दुनिया भर के अधिकारियों से उनके देशों में इनमें से कोई भी उत्पाद पाये जाने पर तुरंत सूचित करने को कहा हैं गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले मध्य प्रदेश में कोल्ड्रिफ कफ सिरप के सेवन से कई बच्चों की मौत हो गई थीं तमिलनाडु में बनी इस सिरप में जहरीला रसायन डायथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया थां इसके बाद, श्रीसन फार्मास्यूटिकल्स का विनिर्माण लाइसेंस रद्द कर दिया गया और उसके मालिक को गिरफ्तार कर लिया गयां

00000

प्रदेश में दीपावली के त्यौहार के मद्देनजर उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से व्यापारिक प्रतिष्ठानों में नियमों का उल्लंघन करने के खिलाफ सघन कंज्यूमर केअर अभियान चलाया जा रहा हैं इसके तहत विभागीय अधिकारियों द्वारा दुकानों का निरीक्षण कर नियमों का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों पर कठोर कार्रवाई की जा रही हैं इसी कडी में कल प्रदेश के विभिन्न जिलों में गठित टीमों द्वारा 97 व्यापारिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गयां इस दौरान 72 फर्मो पर 1 लाख 86 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया गयां साथ ही 5 फर्मो के कांटे जब्त किये गएं ये अभियान 19 अक्टूबर तक चलेगां इसके साथ ही चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान भी चलाया जा रहा हैं अभियान के तहत विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई कर मिलावटी और नकली खाद्य सामग्री को जब्त कर नष्ट किया जा रहा हैं

00000

रेलवे द्वारा दीपावली, छठ पूजा और अन्य त्योहारों को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि रेलगाडियों में अतिरिक्त यात्रीभार को देखते हुए फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही हैं वहीं प्रमुख रेलगाडियों में अतिरिक्त डिब्बे जोड़े गए हैं साथ ही प्रमुख स्टेशनों पर अतिरिक्त यात्रियों को नियंत्रित करने के लिए भी खास इंतजाम किए जा रहे हैं इसके अलावा यात्रियों को भी यूटीएस एप के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने के प्रति जागरूक किया जा रहा हैं

00000

जयपुर के जवाहर कला केंद्र में चल रहे लोकरंग महोत्सव में लोक संस्कृति की छटा देखने को मिल रही हैं लोग विभिन्न प्रदेशों के लोकगीतों और नृत्यों का आनंद ले रहे हैं कल राजस्थान के मशहूर लंगा गायन की प्रस्तुतियां हुईं इसके बाद महाराष्ट्र से आए कलाकारों ने सौंगी मुखवटे लोक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को रोमांचित कर दियां साथ ही शिल्पग्राम में चल रहे राष्ट्रीय हस्तशिल्प मेले में भी लोगों की भीड उमड रही हैं लोग दीपावली के त्यौहार से जुडी खरीदारी करते हुए भी नज़र आ रहे हैं ये मेला 17 अक्टूबर तक चलेगां

00000